बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 19.04.2024

- बिहार राज्य के प्रथम चरण अन्तर्गत कुल 4 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा, 37–औरंगाबाद, 38–गया (अ०जा०), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ०जा०) में आज दिनांक 19.04.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 7,903 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 6,097 है तथा 48.23 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
37–औरंगाबाद	50.00	53.63
38–गया (अ०जा०)	52.00	56.16
39–नवादा	41.50	49.33
40–जमुई (अ०जा०)	50.00	55.21
कुल प्रतिशत	**48.23**	**53.47**

- प्रथम चरण के 4 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य द्वारा ₹71,91,160 रूपया नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा कुल 1,12,126 लीटर शराब जब्त किया गया है जिसका मूल्य लगभग ₹1,96,70,170 रूपया है।
- प्रथम चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 9,549 कंट्रोल यूनिट, 9,531 बैलेट यूनिट तथा 10,218 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 34 कंट्रोल यूनिट, 31 बैलेट यूनिट तथा 152 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। 22 कंट्रोल यूनिट, 22 बैलेट यूनिट तथा 185 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- प्रथम चरण के निर्वाचन में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं मतदाताओं में विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों की निगरानी 1 हेलीकॉप्टर द्वारा करायी गयी। इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 4
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 4

- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 2
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 1,557
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 12
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 18
- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 15
- 3,898 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- प्रथम चरण में कुल 38 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 35 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 03 है।
- प्रथम चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 76,01,629 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 39,63,223 तथा महिलाओं की संख्या 36,38,151 तथा Third Gender की संख्या 255 है।
- प्रथम चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 16,415 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 15,576 तथा महिलाओं की संख्या 839 है।
- बिहार राज्य के प्रथम चरण में कुल 6 मतदान केन्द्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई है।

क्र.सं.	लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र	मतदान केन्द्र संख्या
1	37–औरंगाबाद	223–औरंगाबाद	97
		225–गुरूआ	65
		231–टिकारी	42 एवं 43
2	39–नवादा	170–बरबीघा	08
		238–गोविन्दपुर	137

- आज मतदान के दौरान कुल 53 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

****